बी ई एम एल

रक्षा मंत्री ने भारत की पहली स्वदेशी रूप से डिज़ाइन करके विकसित चालकरहित मेट्रो कार का अनावरण किया

**‘आत्मनिर्भर भारत‘ की मूल भावना में **

बीईएमएल के बेंगलूर कॉम्प्लेक्स में आयोजित एक समारोह में मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) के लिए श्री राज कुमार, भाप्रसे, सचिव (रक्षा उत्पादन), डॉ. दीपक कुमार होता, बीईएमएल लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक और वरिष्ठ अधिकारियों के समुदाय की उपस्थिति में श्री राजनाथ सिंह, माननीय रक्षा मंत्री द्वारा आज अत्याधुनिक चालकरहित मेट्रो कार का अनावरण किया गया।

श्री राजनाथ सिंह, माननीय रक्षा मंत्री बीईएमएल के चालकरहित मेट्रो कोच का अनावरण करते हुए श्री राज कुमार, भाप्रसे, सचिव (रक्षा उत्पादन), डॉ. दीपक कुमार होता, बीईएमएल लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दर्शित हैं।

उसी समारोह में, श्री सिंह, बीईएमएल, बेंगलूर कॉम्प्लेक्स के अंदर स्थित एयरोस्पेस असेंबली हैंगार को भी आभासी रूप में अनावरण किया और बीईएमएल द्वारा स्वदेशी रूप से निर्मित टाट्रा केबिन का अनावरण किया।

बीईएमएल के बेंगलूर कॉम्प्लेक्स में, श्री सिंह ने रेल हैंगारों, बीईएमएल उपकरण का प्रदर्शन (रक्षा और वांतरिक्ष, खनन और निर्माण और रेल और मेट्रो प्रभागों से) और नए सिरे से शुरू किया हुआ औद्योगिक डिज़ाइन केंद्र का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर संबोधन करते हुए श्री सिंह ने कहा, "मैं आज बीईएमएल विनिर्माण सुविधा में जो कुछ भी देख रहा हूं उससे वास्तव में अभिभूत हूं। मैं बीईएमएल में इंजीनियरों और तकनीशियनों की टीम के बेहतर कार्य पर गर्व महसूस कर रहा हूँ। मैं बीईएमएल के प्रत्येक सदस्य को बधाई देना चाहता हूं, साथ में यह कामना करता हूं कि कंपनी द्वारा किए जा रहे अद्भुत कार्य को राष्ट्र को अवगत कराया जाए। वे भारत को आगे ले जाने वाले, 'आत्मानिर्भर भारत' के असली योद्धा हैं।

श्री राजनाथ सिंह माननीय रक्षा मंत्री चालकरहित बीईएमएल मेट्रो कोच का अनावरण करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए; बीईएमएल के सीएमडी डॉ. दीपक कुमार होता साथ में दर्शित हैं।

माननीय रक्षा मंत्री का स्वागत करते हुए, डॉ. होता ने कहा, "बीईएमएल में माननीय रक्षा मंत्री की दौरा, अस्थिर समर्थन और प्रोत्साहन का एक सच्चा प्रतिबिंब है, जिसे वे हमें प्रदान करते आ रहे हैं। मेट्रो विनिर्माण क्षेत्र में बीईएमएल का भारत में शहरी परिवहन परिदृश्य में एक निर्णायक क्षण है। अच्छी तरह से स्थापित अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धियों के साथ सीधी प्रतिस्पर्धा में देश में एक प्रमुख बाजार हिस्सेदारी के साथ, बीईएमएल ने इस उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्र में एकमात्र भारतीय कंपनी के रूप में अपनी पहचान बनाई है।"

स्वदेशी रूप से डिज़ाइन करके विकसित अत्याधुनिक चालकरहित मेट्रो ट्रेनों का विनिर्माण बीईएमएल बेंगलूर कॉम्प्लेक्स में किया गया है। उक्त कारें 25 केवी एसी ट्रैक्शन पॉवर पर चलेंगी और सीसीटीवी निगरानी के साथ और कोचों में यात्री द्वि-पहियों को ले जाने के प्रावधान के साथ सुसज्जित होंगी। कारों

को 6 कारों के मेट्रो ट्रेन-सेट में 2280 यात्रियों को ले जाने की वहनक्षमता के साथ स्टेनलेस-स्टील बॉडी से निर्मित किया गया है।

बीईएमएल ने एमएमआरडीए की एमआरएस1 परियोजना के लिए कुल 576 कारों का ऑर्डर प्राप्त किया, जो अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर है, और यह अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धियों की उपस्थिति में है और जनवरी 2024 तक आपूर्ति प्रगतिशील रूप में जारी है।

श्री राजनाथ सिंह माननीय रक्षा मंत्री के साथ श्री राज कुमार, भाप्रसे, सचिव (रक्षा उत्पादन), डॉ. दीपक कुमार होता, बीईएमएल लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक चालकरहित मेट्रो कार के अनावरण के बाद दर्शित हैं।

यह याद किया जा सकता है कि बीईएमएल ने हाल ही में चारकोप मेट्रो डिपो, एमएमआरडीए, मुंबई में चालकरहित मेट्रो कारों के लिए चौबीस घंटे की सेवाओं को चालू करने और परीक्षण के लिए अपना डिपो कार्यालय खोला है।

श्री राजनाथ सिंह माननीय रक्षा मंत्री के साथ श्री राज कुमार, भाप्रसे, सचिव (रक्षा उत्पादन), डॉ. दीपक कुमार होता, बीईएमएल लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक चालकरहित मेट्रो कार के अनावरण के बाद दर्शित हैं

वर्तमान में, बीईएमएल ऑर्डर बुक की स्थिति 12,000 / - करोड़ रुपए से अधिक की है और सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' के दबाव से यह और भी आगे बढ़ सकता है।

बेंगलूर
15 जनवरी 2021

बीईएमएल लिमिटेड द्वारा रिलीस